**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2310**
**13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**यू-विन पोर्टल और टीकाकरण कवरेज**

**†2310. श्री पी. पी. चौधरीः**
**श्री लुम्बाराम चौधरीः**
**श्री दिलीप शइकीयाः**
**श्री जुगल किशोरः**
**श्रीमती कमलेश जांगड़ेः**
**श्री पी. सी. मोहनः**
**डॉ. हेमांग जोशीः**
**श्री महेंद्र सिंह सोलंकी:**
**श्री नलिन सोरेनः**
**डॉ. संजय जायसवालः**
**श्रीमती संजना जाटवः**
**श्री अभिमन्यु सेठीः**
**श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावतः**
**डॉ. विनोद कुमार बिंदः**
**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गीः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में, विशेषकर राजस्थान, कर्नाटक और मध्य प्रदेश राज्यों के पाली, बेंगलुरु और देवास-शाजापुर संसदीय क्षेत्रों में, आज की तारीख तक यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन विन (यू-विन पोर्टल) पर पंजीकृत बच्चों और गर्भवती महिलाओं की राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या वर्ष 2025 के दौरान दी गई टीके की प्रत्येक खुराक के लिए क्यूआर कोड आधारित टीकाकरण प्रमाणपत्र जारी किए गए थे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और लाभार्थियों को जारी किए गए ऐसे क्यूआर कोड आधारित टीकाकरण प्रमाण पत्रों की कुल संख्या, उक्त संसदीय क्षेत्रों सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार कितनी है;

(ग) आगामी टीकाकरण खुराकों के लिए लाभार्थियों को भेजे गए एसएमएस रिमाइंडर मैसेज की संख्या, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग, उक्त संसदीय क्षेत्रों सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार कितनी है;

(घ) क्या यू-विन पोर्टल ने उन बच्चों की पहचान करने में मदद की है जिन्हें पहले कोई टीका नहीं लगा था (शून्य खुराक वाले बच्चे) और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, साथ ही टीकाकरण कवरेज

के अंतर्गत सम्मिलित किए गए ऐसे बिना टीका वाले बच्चों की संख्या, उक्त संसदीय क्षेत्रों सहित, राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार कितनी है; और

(ङ) क्या यू-विन पोर्टल को अन्य ऑनलाइन स्वास्थ्य प्लेटफार्मों के साथ एकीकृत किया गया है और यदि हां, तो ऐसे एकीकरण की वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क): 8 फरवरी 2026 तक की स्थिति के अनुसार, यू-विन पोर्टल पर 11.12 करोड़ बच्चे और 3.78 करोड़ गर्भवती महिलाएं पंजीकृत हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक-I में है। राजस्थान, कर्नाटक और मध्य प्रदेश राज्यों के क्रमश: पाली विधानसभा, बेंगलुरु और देवास-शाजापुर संसदीय क्षेत्रों के जिलों में पंजीकृत लाभार्थियों का विवरण अनुलग्नक-2 में है।

(ख): प्रत्येक टीकाकरण कार्यक्रम के बाद, लाभार्थी यू-विन पोर्टल से क्यूआर कोड आधारित टीकाकरण प्रमाणपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। वर्ष 2025 में, 8.01 करोड़ लाभार्थियों का यू-विन में पंजीकरण हुआ और उन्हें डिजिटल क्यूआर कोड आधारित प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए गए। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक-3 में और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रवार विवरण अनुलग्नक-4 में दिया गया है।

(ग): वर्ष 2025 के दौरान यू-विन पोर्टल से देशभर में लाभार्थियों को अनुस्मारक एसएमएस सहित कुल 29.42 करोड़ एसएमएस भेजे गए।

(घ): यू-विन ने टीकाकरण के लिए शेष बच्चों की सूची बनाने में सहायता की है। इन बच्चों को पोर्टल पर डिजिटल रूप से मैप किया जाता है, ताकि एसएमएस अलर्ट के माध्यम से नियमित अनुवर्ती कार्रवाई के दौरान उन्हें निर्धारित खुराकें दी जा सकें। फ्रंट-लाइन कार्यकर्ताओं द्वारा पहचाने गए इन बच्चों को उनका निर्धारित टीकाकरण किया जाता है, जिसे यू-विन प्लेटफॉर्म पर विधिवत दर्ज किया जाता है ताकि सुनिश्चित रूप से उनका नियमित टीकाकरण पूरा किया जा सके।

(ङ) स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार के लिए यू-विन को वर्तमान में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम), पोषण ट्रैकर और सेफवैक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत किया गया है।

अनुलग्नक-**1**

दिनांक 13 फरवरी, 2026 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2310 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

**8** फरवरी, **2026** तक की स्थिति के अनुसार
यू-विन पोर्टल पर पंजीकृत लाभार्थियों की कुल संख्या

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की संख्या | पंजीकृत बच्चों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 8,161 | 22,739 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 9,30,585 | 29,29,179 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 35,308 | 1,13,549 |
| 4 | असम | 13,00,345 | 28,50,535 |
| 5 | बिहार | 70,24,141 | 1,89,59,149 |
| 6 | चंडीगढ़ | 31,859 | 71,799 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 7,76,715 | 15,68,618 |
| 8 | दिल्ली | 6,87,197 | 21,45,685 |
| 9 | गोवा | 34,785 | 1,61,750 |
| 10 | गुजरात | 80,982 | 3,90,131 |
| 11 | हरियाणा | 11,18,336 | 28,06,685 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 2,72,595 | 9,44,806 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 5,64,865 | 14,30,175 |
| 14 | झारखंड | 7,06,533 | 17,87,612 |
| 15 | कर्नाटक | 17,84,949 | 53,39,511 |
| 16 | केरल | 4,13,748 | 25,03,482 |
| 17 | लद्दाख | 10,481 | 31,900 |
| 18 | लक्षद्वीप | 3,095 | 6,217 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 34,30,380 | 97,95,660 |
| 20 | महाराष्ट्र | 20,81,280 | 89,95,274 |
| 21 | मणिपुर | 37,181 | 1,06,237 |
| 22 | मेघालय | 1,29,634 | 3,03,897 |
| 23 | मिजोरम | 46,971 | 93,322 |
| 24 | नागालैंड | 37,465 | 1,12,333 |
| 25 | ओडिशा | 13,24,706 | 32,39,238 |
| 26 | पुदुचेरी | 43,323 | 91,002 |
| 27 | पंजाब | 6,26,090 | 16,44,416 |
| 28 | राजस्थान | 18,90,206 | 56,43,877 |
| 29 | सिक्किम | 18,303 | 40,347 |
| 30 | तमिलनाडु | 20,27,909 | 25,68,644 |
| 31 | तेलंगाना | 6,76,990 | 24,05,349 |
| 32 | दादरा व नगर हवेली और दमन व दीव | 24,312 | 69,580 |
| 33 | त्रिपुरा | 1,49,165 | 3,37,725 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 90,55,194 | 3,06,40,098 |
| 35 | उत्तराखंड | 3,65,348 | 9,51,444 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 20,395 | 55,922 |

अनुलग्नक-**2**

दिनांक 13 फरवरी, 2026 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2310 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

**8** फरवरी, **2026** तक की स्थिति के अनुसार चयनित संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में यू-विन पोर्टल पर पंजीकृत लाभार्थियों की कुल संख्या।

| क्र.सं. | जिले का नाम | पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की संख्या | पंजीकृत बच्चों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | बेंगलुरु ग्रामीण | 40,628 | 98,339 |
| 2 | बेंगलुरु शहरी | 2,51,613 | 8,25,626 |
| 3 | अशोकनगर | 45,610 | 1,11,428 |
| 4 | आगर-मालवा | 28,706 | 78,568 |
| 5 | देवास | 75,318 | 1,83,620 |
| 6 | सीहोर | 71,842 | 2,22,550 |
| 7 | शाजापुर | 50,564 | 1,38,500 |
| 8 | जोधपुर | 95,417 | 2,55,237 |
| 9 | पाली | 51,244 | 1,32,573 |

अनुलग्नक-**3**

दिनांक 13 फरवरी, 2026 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2310 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

यू-विन पोर्टल पर पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या जिन्हें **2025 (**जनवरी-दिसंबर) में ई-प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए गए।

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कुल लाभार्थियों को टीका लगाया गया |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 16,496 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 13,06,587 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 91,839 |
| 4 | असम | 25,01,392 |
| 5 | बिहार | 1,35,82,322 |
| 6 | चंडीगढ़ | 54,437 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 7,59,783 |
| 8 | दिल्ली | 14,07,171 |
| 9 | गोवा | 93,427 |
| 10 | गुजरात | 1,04,922 |
| 11 | हरियाणा | 18,78,952 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 4,89,664 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 9,42,286 |
| 14 | झारखंड | 11,22,462 |
| 15 | कर्नाटक | 35,81,073 |
| 16 | केरल | 14,36,514 |
| 17 | लद्दाख | 24,586 |
| 18 | लक्षद्वीप | 3,750 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 52,03,550 |
| 20 | महाराष्ट्र | 48,82,617 |
| 21 | मणिपुर | 81,414 |
| 22 | मेघालय | 2,42,024 |
| 23 | मिजोरम | 69,440 |
| 24 | नगालैंड | 71,265 |
| 25 | ओडिशा | 22,96,521 |
| 26 | पुदुचेरी | 55,285 |
| 27 | पंजाब | 13,78,835 |
| 28 | राजस्थान | 37,43,686 |
| 29 | सिक्किम | 29,727 |
| 30 | तमिलनाडु | 31,29,732 |
| 31 | तेलंगाना | 15,10,142 |
| 32 | दादरा व नगर हवेली और दमन व दीव | 36,777 |
| 33 | त्रिपुरा | 2,49,497 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 2,69,43,323 |
| 35 | उत्तराखंड | 7,71,381 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 23,805 |

अनुलग्नक-**4**

दिनांक 13 फरवरी, 2026 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2310 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

**2025** (जनवरी-दिसंबर) में चयनित संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में यू-विन पोर्टल पर पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या, जिन्हें ई-प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए गए।

| क्र.सं. | जिले का नाम | पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की कुल संख्या का योग | पंजीकृत बच्चों की कुल संख्या का योग |
|---|---|---|---|
| 1 | बेंगलुरु ग्रामीण | 16,404 | 40,940 |
| 2 | बेंगलुरु शहरी | 1,15,015 | 2,94,169 |
| 3 | आगर-मालवा | 9,832 | 21,185 |
| 4 | अशोकनगर | 14,765 | 29,908 |
| 5 | देवास | 24,984 | 42,599 |
| 6 | सीहोर | 22,956 | 34,044 |
| 7 | शाजापुर | 16,290 | 27,776 |
| 8 | जोधपुर | 59,767 | 1,67,657 |
| 9 | पाली | 29,216 | 80,982 |

******